www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 35.c

28.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 95.770g

चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 बड़ी कीमत चुकाएगा पाकिस्तान, भारत सरकार ने शुरू की कार्रवाई

एम्बुलेंस पर पलटा ट्रक, प्रेग्नेंट महिला समेत 4 की मौत 04

वर्ष :08 | अंक :305 | मुंबई , रविवार , 27 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, जानमाल के नुकसान की आशंका

जिले के देवबंद थाना इलाके में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका हुआ जिसकी गूंज करीब दो किलोमीटर तक सुनी गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने भारी नुकसान की आशंका जताई है, क्योंकि जिस समय हादसा हुआ फैक्टरी में कई लोग काम कर रहे थे और धमाके के कारण इमारत ढह गई। हालांकि, किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय स्तर पर आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह धमाका निहाल खेड़ी गांव में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुआ और वहां मजदूर काम कर रहे थे। जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये हैं। सूत्रों के अनुसार जिस भवन में फैक्टरी संचालित की जा रही थी वह भी भरभराकर नीचे गिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के कारण कई अवैध पटाखा फैक्ट्रियां संचालित की जा रही है।

### मणिपुर में हेरोइन, ब्राउन शुगर समेत कई मादक पदार्थ जब्त किए गए, दो लोग गिरफ्तार

मणिपुर के थौबल जिले में दो लोगों से ब्राउन शुगर और हेरोइन समेत कई मादक पदार्थ जब्त किए गए जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को लिलोंग हाओरीबी इलाके के वांगमायुम बारुल आलम के घर तलाशी अभियान के दौरान ये मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने कहा, अभियान के दौरान, उसके घर से कई मादक पदार्थ बरामद हुए। 3.9 किलोग्राम ब्राउन शुगर, सात साबुन के डिब्बे जिनमें संभवत: हेरोइन चूरा (12 ग्राम प्रति केस) था और 100 मिलीलीटर की कोडीन की सात बोतलें बरामद की गईं। अधिकारी ने बताया कि बारुल आलम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद की कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने उसी जिले के दारुल उलूम माखा में यांगखुबाम हाफी के घर से 1.14 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त की।

# पहलगाम हमले के खिलाफ बड़ा एक्शन :जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों के ब्लास्ट से गिराए गये घर

## सरकार बोली- आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें

**भंडाफोड़**

▶▶ जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं।

एजेंसी

कुपवाड़ाः पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए क्रूर आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है. जम्मू कश्मीर पुलिस की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि, ऑपरेशन के दौरान, एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगाया गया और उसका भंडाफोड़ किया गया. साइट से हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया. बरामद हथियारों के जखीरे में पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, एके-47 गोला-बारूद के 660 राउंड, एक पिस्तौल राउंड और एम4 गोला-बारूद के 50 राउंड शामिल है.खबर के मुताबिक, विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, शनिवार को विशेष अभियान समूह (एसओजी) कैंप माछिल और भारतीय सेना की 12 सिखली इकाई ने सेडोरी नाला, मुश्ताकाबाद माछिल (समशा बेहक वन क्षेत्र) के वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया. यह पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा और पुलिस पोस्ट माछिल के अधिकार क्षेत्र में आता है.यह बरामदगी आतंकियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता है.

**लश्कर के दो आतंकवादियों के घर विस्फोट में नष्ट**

इससे पहले पहलगाम आतंकवादी हमले के मुख्य संदिग्ध सहित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के घर उस समय नष्ट हो गए, जब वहां रखे गए विस्फोटकों में विस्फोट हो गया. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी थी. अधिकारियों ने बताया कि ये धमाके बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात हुए, जब सुरक्षा बल दक्षिण कश्मीर के बिजबेहरा और त्राल के गुरी गांव में आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख के घरों की तलाशी ले रहे थे.



**श्रीनगर, शोपियां और पुलवामा में एक्टिव है ये 14 आतंकवादी, पहलगाम आतंकी हमले की जांच के बीच एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, नियंत्रण रेखा पर तनाव काफी बढ़ गया है। इस हत्याकांड ने पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का आह्वान करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। एक नए उकसावे में, पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार देर रात एलओसी पर भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और भारतीय पक्ष में कोई हताहत नहीं हुआ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये लोग पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान करके सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं।

सुरक्षा बलों द्वारा समय पर की गई कार्रवाई ने ऐसे नापाक मंसूबों को करारा झटका दिया है और नागरिकों की जान तथा सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संभावित खतरों को टाला है.यह ऑपरेशन एक बार फिर शांति बनाए रखने तथा राष्ट्र विरोधी ताकतों के नापाक इरादों को विफल करने में सुरक्षा बलों के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

# गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को देश से निकालने का आदेश

## अटारी बॉर्डर से भेजे जा रहे , सीएम सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी

पंजाब के अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत से जाने का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 1 मई, 2025 तक भारत छोड़ने के लिए कहा है।




एजेंसी

अहमदाबाद/ सूरत , जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा।गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, 'इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी।'हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है।भारत सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी तरह के वीजा रद्द कर दिए हैं। अब पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को 27 अप्रैल तक भारत से जाना होगा।मेडिकल वीजा वालों को 29 अप्रैल तक पाकिस्तान लौटना पड़ेगा। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। वहीं, अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों को सरकार खुद देश से बाहर निकालेगी। गुजरातः रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक पुलिस की रेड केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्य सरकारों को विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया था।

▶▶ उत्तर प्रदेशः 4 पाकिस्तानी महिलाओं को वापस भेजा गया उत्तर प्रदेश सरकार ने चार पाकिस्तानी महिला नागरिकों को वापस उनके देश भेजा है। पुलिस ने बताया कि ये महिलाएं टूरिस्ट वीजा पर बुलंदशहर आई थीं और उन्हें वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते वापस भेज दिया गया है। महिलाओं की पहचान रुदाबा, नौशाबा, खालिदा और सबाहत के रूप में हुई है।

# ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं लेकिन...

## सीएम योगी बोले- आतंकवाद और अराजकता का समाज में कोई स्थान नहीं

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास पर आधारित है। यह गरीबों के कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है।

एजेंसी

लखीमपुर खीरी। जीरो टॉलरेंस नीति की पुष्टि करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और कहा कि 'ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो उसको छोड़ेगा भी नहीं।' लखीमपुर खीरी में जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आतंकवाद और अराजकता का समाज में कोई स्थान नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं



जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे समाज में आतंकवाद या अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास पर आधारित है। यह गरीबों के कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है। हालांकि, अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करता है, तो न्यू इंडिया जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति का पालन करते हुए

# पुरानी पीढ़ी का नेतृत्व खत्म... राजनीति में नई पीढ़ी आनी चाहिए: राहुल गांधी

## हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन में बोलते हुए राहुल गांधी ने नई पीढ़ी को राजनीति में आने का आह्वान किया

कांग्रेस ने कहा कि हमारा विपक्ष वास्तव में सुनना नहीं जानता क्योंकि उनके पास पहले से ही सभी उत्तर हैं। उन्हें ठीक से पता है कि क्या किया जाना चाहिए। और यह पूरी तरह से दोषपूर्ण है क्योंकि यह लोग ही हैं जो जानते हैं कि क्या किया जाना चाहिए।

एजेंसी

हैदराबादः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में आयोजित भारत शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व राजनीति में बुनियादी बदलाव आया है. उन्होंने कहा कि आधुनिक सोशल मीडिया के साथ सब कुछ बदल गया है. राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने देश भर के लोगों की समस्याओं को जानने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4,000 किलोमीटर की यात्रा की है. यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने काफी सोचा, लेकिन यात्रा शुरू करने के बाद एक कदम भी पीछे नहीं हटे.




राहुल गांधी ने सुझाव दिया कि राजनीति में नई पीढ़ी को आना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा शुरू होने के बाद कई लोग उनके साथ चलने लगे. पदयात्रा के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनना सीखा और अब नेता उनकी समस्याओं को सुनने में विफल हो गए हैं.

# बिलावल भुट्टो के बयान पर बोले हरदीप पुरी, बेवकूफ हैं, पानी नहीं मिलेगा तो...

## गोयल ने कहा- पाकिस्तान हताश है

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की त्रासदी के लिए इस्लामाबाद को दोषी ठहराया है, ताकि अपनी कमजोरियों को छुपाया जा सके और अपने लोगों को मूर्ख बनाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि के निलंबन पर ध्यान दिया है।



एजेंसी

पाकिस्तानी राजनेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने दावा किया है कि सिंधु नदी इस्लामाबाद की है और हमेशा इस्लामाबाद की ही रहेगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच जरदारी ने चेतावनी दी है कि अगर पानी का बहाव रोका गया तो इसकी जगह भारतीय खून बहेगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की त्रासदी के लिए इस्लामाबाद को दोषी ठहराया है, ताकि अपनी कमजोरियों को छुपाया जा सके और अपने लोगों को मूर्ख बनाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं ।

# राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना और वो अपना कर्तव्य निभाएगा

## पहलगाम हमले के बीच मोहन भागवत का बड़ा बयान

पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है।

एजेंसी

पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है। उन्होंने इस संघर्ष को 'धर्म' और 'अधर्म' के बीच संघर्ष बताया, उनके अनुसार यह संघर्ष केवल धार्मिक मतभेदों पर आधारित नहीं है, बल्कि अच्छाई और बुराई के बीच एक बड़ी नैतिक लड़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे आप कुछ भी कर लें, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो इसके बारे में क्या करें ?मोहन भागवत ने कहा कि अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है ? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। इससे पहले मोहन भागवत ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया



# केरल के कई होटलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## पुलिस ने जारी किया अलर्ट

अधिकारी ने कहा कि पुलिस धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति की भी जांच कर रही है, जिसमें दावा किया गया था कि तिरुवनंतपुरम शहर के मध्य में स्थित हिल्टन होटल सहित राज्य की राजधानी के विभिन्न होटलों में आईईडी विस्फोट होंगे।



एजेंसी

केरल के कई होटलों में शनिवार को बम की धमकी ईमेल के जरिए मिली, जिसके बाद पुलिस ने बम निरोधक इकाइयों और डॉग स्क्वॉड को तैनात कर जांच की। कैंटोनमेंट पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि जिन होटलों में बम की धमकी मिली थी, उन सभी की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। जांच जारी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस धमकी भरे ईमेल की उत्पत्ति की भी जांच कर रही है, जिसमें दावा किया गया था कि तिरुवनंतपुरम शहर के मध्य में स्थित हिल्टन होटल सहित राज्य की राजधानी के विभिन्न होटलों में आईईडी विस्फोट होंगे।

## अनुचित — सिंधु जल संधि पर बोले उमर अब्दुल्ला

# हम कभी भी इसके पक्ष में नहीं रहे, जम्मू-कश्मीर के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज है। मीडिया को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि पर कड़ी असहमति जताते हुए कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना ??रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज रही है। हालांकि, उमर अब्दुल्ला ने आज कहा कि सिंधु जल संधि से जम्मू-कश्मीर को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। लेकिन



अगर इस संधि के निलंबन से जम्मू-कश्मीर को फायदा होता है, तो मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि यह एक अच्छा कदम है। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसके बाद भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों में कटौती की और कई उपायों की घोषणा की, जिनमें पाकिस्तानी सैन्य सलाहकार (अताशे) को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना और अटारी-वाघा सीमा पारगमन चौकी को तत्काल बंद करना शामिल है। केंद्र सरकार ने 1960 में हुई सिंधु जल संधि स्थगित करने के लिए बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस संबंध में पाकिस्तान को बृहस्पतिवार को औपचारिक जानकारी देते हुए भारत ने कहा कि उसने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है। भारत की जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष सैयद अली मुर्तजा को लिखे पत्र में कहा कि जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाकर पाकिस्तान द्वारा जारी सीमा पार आतंकवाद सिंधु जल संधि के तहत भारत के अधिकारों में बाधा डालता है। मुखर्जी ने पत्र में कहा, किसी संधि का सद्भावपूर्वक सम्मान करने का दायित्व संधि का मूल होता है। हालांकि, इसके बजाय हमने देखा है कि पाकिस्तान भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाकर सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पत्र में कहा गया है, उत्पन्न सुरक्षा अनिश्चितताओं ने संधि के तहत भारत के अधिकारों के पूर्ण उपयोग में प्रत्यक्ष रूप से बाधा उत्पन्न की है। पाकिस्तान को भेजे गए पत्र में काफी हद तक जनसांख्यिकी में बदलाव, स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता और अन्य बदलावों को भी संधि के दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता वाले कारणों के रूप में रेखांकित किया गया।

"उमर अब्दुल्ला ने आज कहा कि सिंधु जल संधि से जम्मू-कश्मीर को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। लेकिन अगर इस संधि के निलंबन से जम्मू-कश्मीर को फायदा होता है, तो मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि यह एक अच्छा कदम है।

# पहलगाम आतंकी हमला: असम में पाकिस्तान समर्थित पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भारत विरोधी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में असम के विभिन्न जिलों के कई लोग शामिल हैं और उनमें से एक ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायक अमीनुल इस्लाम भी हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। सरमा ने चेतावनी दी कि और भी गिरफ्तारियाँ होंगी क्योंकि अधिकारी पहलगाम हमले से जुड़े भड़काऊ पोस्ट के लिए



सोशल मीडिया पर निगरानी रखना जारी रखेंगे। सरमा ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समानता नहीं है। दोनों देश दुश्मन राष्ट्र हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषक मुक्ति संग्राम समिति के एक नेता को शुक्रवार को उसकी भारत विरोधी टिप्पणी के लिए गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कोई भी ऐसा रुख अपनाएगा, उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम उन पर रासुका के प्रावधान लगाएंगे। हम सभी (सोशल मीडिया) पोस्ट की समीक्षा कर रहे हैं और हमें जो भी राष्ट्र विरोधी लगता है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने फेसबुक पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि कछार जिले में इसी तरह के आरोपों में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

○ सरमा ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समानता नहीं है। दोनों देश दुश्मन राष्ट्र हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए।

## सम्पादकीय

# छिन्न-भिन्न विश्व व्यापार व्यवस्था, टैरिफ वार से महंगा होगा व्यापार

अच्छी बात यह है कि भारत समेत कुछ देशों से अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ता हो रही है। यह संभव है कि ऐसा समझौता करने वाला भारत पहला देश बन जाए। यदि सभी देशों को अमेरिका के साथ अलग-अलग व्यापार समझौते करने पड़ते हैं तो विश्व वहीं लौट जाएगा जहां वह विश्व व्यापार व्यवस्था बनने के पहले था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक नेताओं ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की, जिसमें समान शर्तों पर व्यापार करना शामिल था। इसके लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की स्थापना की गई, जो वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने, व्यापार विवादों को हल करने और व्यापार नीतियों को नियंत्रित करने के लिए कार्य करता है। डब्ल्यूटीओ के समझौतों के प्रविधान विकासशील देशों को विशेष अधिकार देते हैं। उदाहरणस्वरूप भारत जैसे विकासशील देश कुछ उद्योगों में ऊंचे टैरिफ (आयात शुल्क) रख सकते हैं। इसके बदले में विकसित देशों को बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवा व्यापार उदारीकरण और कृषि नियमों में रियायतें दी गईं। यह स्थिति अमीर देशों के लिए अधिक फायदेमंद है। वर्तमान में ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़ रखा है, जिससे भू-राजनीतिक तापमान बढ़ रहा है। टैरिफ वार से किसी देश का और यहां तक कि अमेरिका का भी हित नहीं सधने वाला। इससे वैश्विक व्यापार में अस्थिरता की स्थिति बनती जा रही है, जिसका प्रभाव विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ रहा है। अच्छी बात यह है कि भारत समेत कुछ देशों से अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ता हो रही है। यह संभव है कि ऐसा समझौता करने वाला भारत पहला देश बन जाए। यदि सभी देशों को अमेरिका के साथ अलग-अलग व्यापार समझौते करने पड़ते हैं तो विश्व वहीं लौट जाएगा, जहां वह विश्व व्यापार व्यवस्था बनने के पहले था। आगे जो भी हो, यदि ट्रंप अपनी मनमानी टैरिफ नीति पर लगाम नहीं लगाते तो विश्व में आर्थिक संकट तो बढ़ेगा ही, अमेरिका को फिर से महान बनाने का नारा भी खोखला साबित होगा। ट्रंप के अतिरिक्त टैरिफ लगाने के प्रभावों को पिछले अनुभवों से समझा जा सकता है। उन्होंने अपने पहले शासनकाल में वित्त वर्ष 2018-19 के बीच चीन से आयातित वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगा दिया था। चीन ने इसकी शिकायत डब्ल्यूटीओ में की। इस प्रकार के व्यापार विवादों को सुलझाने के लिए डब्ल्यूटीओ की एक अपील प्रक्रिया होती है, जिसमें जज अपना फैसला सुनाते हैं, लेकिन अमेरिका ने इन जजों की नियुक्ति पर ही रोक लगाकर विवाद निपटाने की प्रणाली को ही पंगु बना दिया, जिसके परिणामस्वरूप पहले जितने वैश्विक व्यापार विवाद डब्ल्यूटीओ के जरिये हल होते थे, उनकी संख्या अब तीन गुना घट गई है।

## आज का विचार







**मेष राशिः** दिन आपके लिए अच्छा रहेगा. लंबे समय से स्वास्थ्य से यदि परेशान हैं, तो आज आप को राहत मिलेगी. परिवार में अपनों से सहयोग प्रेम मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे, आय के नए स्त्रोत प्राप्त होंगे.

**वृषभ राशिः** दिन व्यर्थ की भागदौड़ से भरा रहेगा, आपका मन अशांत रहेगा. स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे. व्यापार-व्यवसाय में कोई बड़ी डील हाथ से निकल सकती है. जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं.

**मिथुन राशिः** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई रुका हुआ पुराना कर पूरा होगा, स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव दिखाई पड़ेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. कोई नया कार्य कल आप शुरू कर सकते हैं.

**कर्क राशिः** दिन बहुत अच्छा रहने वाला है, स्वास्थ्य ठीक रहेगा. जीवनसाथी से चल रहे मतभेद दूर होंगे. व्यापार-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा. किसी विशेष व्यक्ति के संपर्क से कोई बड़ा कार्य आपको कल मिल सकता है.

**सिंह राशिः** दिन आप किसी विवाद में फंस सकते हैं. आपका किसी विशेष कार्य में रुकावट आ सकती है, स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. किसी लंबी यात्रा आदि पर जाने का योग बनेगा. वाहन आदि के चलाने में सावधानी बरतें. पैतृक संपत्ति को लेकर परिवार में मतभेद बढ़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में हानि उठानी पड़ सकती है.

**कन्या राशिः** आप किसी मानसिक तनाव से गुजर सकते हैं, इन्हीं बातों को लेकर अपने मित्रों या रिश्तेदारों से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय में कल आपको हानि उठानी पड़ेगी, आर्थिक स्थिति में गिरावट महसूस होगी. परिवार में अपनों से मनमुटाव की स्थिति बनेगी.

**तुला राशिः** आप किसी बहुत पुराने मित्र से मिल सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. कोई रुका हुआ कार्य कल आपका पूर्ण होगा. किसी विशेष व्यक्ति से आप मिल सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे.

**वृश्चिक राशिः** आपके लिए अच्छा रहने वाला है. बहुत दिन से जिस कार्य का सोच रहे हैं, किसी विशेष व्यक्ति के माध्यम से कल आप कार्य कार्य पूर्ण होगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा, व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा.

**धनु राशिः** दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आप कोई नया कार्य शुरू करने का सोच रहे हैं, तो उसमें सफलता मिलेगी. कल किसी पुराने प्रसिद्ध व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा. रुका हुआ धन प्राप्त होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा. परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा.

**मकर राशिः** आपका दिन व्यर्थ की भागदौड़ में उलझा रहेगा. किसी वाद-विवाद में आज आप फंस सकते हैं, विरोधियों के षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं. स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी, व्यापार-व्यवसाय में हानि उठानी पड़ेगी.

**कुंभ राशिः** दिन आपके लिए बहुत अच्छा नहीं रहने वाला. कल आप स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे. व्यर्थ के विवाद में कल आप फंस सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में नुकसान होने की संभावना है. किसी परिचित व्यक्ति के कारण आपको व्यापार-व्यवसाय में हानि उठानी पड़ सकती है।

**मीन राशिः** दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आप कहीं बाहर अपना नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं. नौकरी के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं, तो कल आप को लाभ प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय में कल आप कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर सकते हैं, जिससे लाभ प्राप्त होगा. परिवार में मांगलिक कार्यों का योग बनेंगे. कोई नया सदस्य परिवार में आ सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बड़ी कीमत चुकाएगा पाकिस्तान, भारत सरकार ने शुरू की कार्रवाई

> भारतीय कदमों की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने शिमला समझौता रद करने और सिंधु जल समझौते को ह्ययुद्धक कार्रवाई करार देते हुए जवाब देने की धमकी दी है। इस सबके बीच सवाल उठता है कि जब पाकिस्तान खस्ताहाल आर्थिकी से लेकर अलगाववाद जैसी तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है तब उसने पहलगाम हमले जैसा दुस्साहस क्यों किया?

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजे आक्रोश को देखते हुए भारत सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कुछ कूटनीतिक कदम उठाए गए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल संधि को स्थगित करना। इसके अतिरिक्त, राजनयिक उपस्थिति न्यूनतम करने, पाकिस्तानियों के वीजा रद करने और अटारी-वाघा सीमा बंद करने का निर्णय भी लिया गया है। पाकिस्तान का गठन ही भारत से नफरत के आधार पर हुआ और अपने अस्तित्व में आने के बाद से उसने भारत के साथ अपने संबंध तल्ख बनाए रखे। तल्खी के इस लंबे अध्याय के बीच प्रत्यक्ष एवं परोक्ष युद्धों और निरंतर प्रायोजित आतंकवाद के बावजूद भारत ने 1960 में अस्तित्व में आए सिंधु जल समझौते को कभी स्थगित नहीं किया, लेकिन पहलगाम के बाद ऐसा करने में कोई संकोच नहीं किया। इस स्थगन के कार्यान्वयन और इस मामले के अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठने से जुड़े किंतु-परंतु के बीच यह तय है कि यदि इसे अपेक्षित रूप से अमल में लाया जा सका तो पहले से मुश्किलें झेल रहा पाकिस्तान त्राहिमाम करने लगेगा। पाकिस्तान की खेती-किसानी का एक बड़ा हिस्सा इस समझौते से मिलने वाले पानी पर निर्भर है। पानी रुकने से कृषि उत्पादन घटने और खाद्य सुरक्षा का नया संकट पैदा हो सकता है। कई पाकिस्तानी शहर भी इसी पानी के भरोसे चलते हैं तो जाहिर है कि उनकी रफ्तार थम जाएगी। सिंधु जल समझौते को विश्व के सबसे उदार एवं एकतरफा फायदा पहुंचाने



वाले करारों में से एक माना जाता है, जिसका लगभग पूरा लाभ पाकिस्तान ही उठाता आया है। अतीत में भी कई बार इसे स्थगित करने की बात आई, लेकिन वह आई-गई ही रही, क्योंकि भारत की कभी ऐसी मंशा नहीं रही कि पाकिस्तानी सेना और शासकों की करतूतों की कीमत वहां की जनता चुकाए। यहां तक कि 2016 में उड़ी हमले के बाद भी सिर्फ इस अनुबंध का स्वरूप थोड़ा बदला गया, जिससे भारत को भी कुछ लाभ मिले, पर इसे ठंडे बस्ते में डालने का कदम तब भी नहीं उठाया गया। तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, मगर पहलगाम के बाद लगता है कि भारत का धैर्य अपनी सीमा को पार कर गया, जिसके बाद यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। कूटनीतिक कदम यही संकेत करते हैं कि भारत कोई कोर-कसर नहीं छोड़ने वाला। इसके बाद सैन्य मोर्चे पर किसी गतिविधि के जरिये पाकिस्तान को सबक सिखाए जाने की सूरत से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी है कि आतंकियों को उनकी कल्पना से भी परे सजा दी जाएगी। गुरुवार को कई देशों के राजनयिकों के साथ बैठक में भारत ने वैश्विक समुदाय को वस्तुस्थिति से अवगत भी कराया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत को हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया है। भारत की प्रतिक्रिया और गतिविधियों से पाकिस्तान में डर का माहौल स्पष्ट दिख रहा है। वहां सर्जिकल या एयर स्ट्राइक जैसी किसी कार्रवाई की अटकलें लगाई जा रही हैं। भारतीय कदमों की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने शिमला समझौता रद करने और सिंधु जल समझौते को ह्ययुद्धक कार्रवाईह्ल करार देते हुए जवाब देने की धमकी दी है। इस सबके बीच सवाल उठता है कि जब पाकिस्तान खस्ताहाल आर्थिकी से लेकर अलगाववाद जैसी तमाम चुनौतियों से जूझ रहा है, तब उसने पहलगाम हमले जैसा दुस्साहस क्यों किया? यहां इसकी अनदेखी न की जाए कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के हालिया जहरीले भाषण के हफ्ते भर के भीतर पहलगाम में वीभत्स हमले को अंजाम दिया गया। इसके कारणों की पड़ताल करें तो पाएंगे कि पाकिस्तान इस समय अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। एक समय अमेरिकी उपयोगिता के केंद्र में रहा पाकिस्तान अब अमेरिकी नीतियों में हाशिए पर पहुंच गया है। इस्लामिक पहचान और एकजुटता को लेकर खाड़ी देशों के दम पर कूदने वाले पाकिस्तान को पश्चिम एशिया में भारत की निरंतर बढ़ती पैठ से भी बड़ा झटका लगा है। ऐसे में इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के अत्यंत महत्वपूर्ण भारत दौरे और प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब यात्रा के बीच पाकिस्तान ने भारत को गहरा घाव देने का काम किया। स्पष्ट है कि एक समय अपने संरक्षक रहे इन पक्षों का भारत के पाले में झुकना उस पाकिस्तानी फौज को कतई नहीं पच रहा होगा, जो खुद भारत के प्रति अपने देश की नीति को निर्धारित करती आई है। पाकिस्तान में बढ़ते अलगाववाद ने भी फौज की चुनौतियां बढ़ाई हैं, जिससे उसकी अहमियत एवं सक्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले महीने ही बलूचिस्तान में सैन्यकर्मियों को ले जा रही ट्रेन के अपहरण को लेकर फौज को शर्मसार होना पड़ा था। ऐसे में भारत विरोधी कार्ड को नए सिरे से खेलना उसकी मजबूरी हो गई थी। जनरल मुनीर का हालिया भाषण इसका स्पष्ट उदाहरण है, जिसमें उन्होंने हिंदू-मुस्लिम पहचान, द्विराष्ट्रवाद का समर्थन और कश्मीर का राग फिर से छेड़ा था। पहलगाम हमला उनके इस सैद्धांतिक दृष्टिकोण की मूर्त अभिव्यक्ति है। यह हमला इस लिहाज से भी अलग है कि पूर्व में पाकिस्तान समर्थक आतंकियों ने भारतीय सरकारी या सैन्य प्रतिष्ठानों को ही निशाना बनाया था कि उनकी लड़ाई भारतीय राज्य एवं उसकी व्यवस्था से है, लेकिन इस बार निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसीलिए भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करके यही संदेश दिया कि अब यह लड़ाई नागरिकों के स्तर पर भी पहुंच गई है और पाकिस्तानी शासकों की करतूतों की तपिश जनता को भी झेलनी पड़ेगी। भारत का संदेश स्पष्ट है कि यदि पाकिस्तानी जनता जहरीली जिहादी लड़ाई में अपने सैन्य एवं राजनीतिक नेतृत्व द्वारा बरगलाई जाती रहेगी तो उसकी कीमत वह भी चुकाएगी। पहलगाम हमले के पीड़ितों में विभिन्न राज्यों के नागरिकों के शामिल होने के कारण इससे उपजे आक्रोश ने समूचे भारत को और एकजुट करने का काम किया है। इसके अतिरिक्त, व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग ने भी भारत के लिए सभी विकल्पों को खोल दिया है।

# पुस्तकें भविष्य निर्माण का औजार हैं

विजय गर्ग



आज के डिजिटल युग में, जब सोशल मीडिया, मोबाइल एप्स और त्वरित सूचना के स्रोत हमारे चारों ओर फैले हुए हैं, ऐसे समय में किताबों की प्रासंगिकता और उनके महत्व को नए सिरे से समझना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। 23 अप्रैल को मनाया जाने वाला ह्यविश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवसह्ल न केवल पुस्तकों के महत्व की याद दिलाता है, बल्कि यह दिन हमें यह सोचने को भी विवश करता है कि पुस्तकें क्यों हमारे जीवन का अविभाज्य हिस्सा बनी रहनी चाहिए। पुस्तकों का संसार एक ऐसा अद्भुत संसार है, जो न केवल ज्ञान देता है, बल्कि भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं को भी नई रोशनी प्रदान करता है।

यूनेस्को द्वारा 1995 में शुरू किया गया यह दिवस लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों को एक साझे मंच पर लाकर पुस्तकों के संरक्षण और उनके प्रचार-प्रसार की दिशा में वैश्विक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। दरअसल, यह दिन विश्वप्रसिद्ध साहित्यकार विलियम शेक्सपियर, मिगुएल दे सर्वांतेस तथा स्पेनी लेखक इंका गार्सिलासो दे ला वेगा की पुण्यतिथि का प्रतीक है। यह दिन इस विचार से जुड़ा है कि पुस्तकें किसी देश अथवा भाषा तक सीमित न रहकर विश्व सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा होती हैं। आज जब सूचना के स्रोतों की भरमार है, तब पुस्तक पढ़ने की संस्कृति तेजी से क्षीण होती जा रही है। बच्चों से लेकर युवाओं और वयस्कों तक, हर कोई डिजिटल उपकरणों से इतना जुड़ गया है कि पुस्तकों को समय देना अब एक ह्यपुरानी आदतह्ल मानी जाने लगी है।

विश्व पुस्तक दिवस का उद्देश्य लोगों में पुस्तकों के प्रति लगाव बढ़ाना, लेखकों और प्रकाशकों को वैश्विक सम्मान देना, कॉपीराइट जैसे संवेदनशील विषयों पर जागरूकता फैलाना और पढ़ने की आदत को जीवन का हिस्सा बनाना है।

यह सर्वविदित है कि पढ़ना न केवल ज्ञानार्जन का माध्यम है, बल्कि यह ध्यान केंद्रित करने, सोचने की क्षमता बढ़ाने, कल्पनाशीलता को विकसित करने और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को सुदृढ़ करने में भी सहायक है। जब हम किसी पुस्तक के पन्ने पलटते हैं, तो हमारा मस्तिष्क लेखक की कल्पनाओं में प्रवेश करता है, चरित्रों से जुड़ता है और किसी कथा को गहराई से समझने का प्रयास करता है। यह प्रक्रिया मस्तिष्क की उन क्षमताओं को विकसित करती है, जो यंत्रवत सूचना को केवल ग्रहण करने से नहीं हो सकतीं।

इस विषय में विभिन्न न्यूरो-साइकोलॉजिकल शोधों से यह स्पष्ट हुआ है कि नियमित रूप से पुस्तक पढ़ने वाले बच्चों की स्मरण-शक्ति, संज्ञानात्मक कौशल और भाषा दक्षता, उन बच्चों की तुलना में कहीं बेहतर होती है, जो अधिकांश समय स्क्रीन पर बिताते हैं। भारत में पुस्तक संस्कृति के गिरते ग्राफ को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि देश की बहुसंख्यक युवा आबादी की पढ़ने की आदत तेजी से घट रही है। अध्ययन बताते हैं कि औसतन एक भारतीय प्रति वर्ष केवल दो या तीन किताबें ही पढ़ता है। यह संख्या विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। हालांकि, भारत में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय जैसे संस्थान नियमित रूप से पुस्तक मेलों का आयोजन करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह आयोजन आम जनमानस के भीतर पुस्तकों के प्रति दीर्घकालिक लगाव उत्पन्न कर पाता है? एनबीटी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बाल साहित्य की बाजार हिस्सेदारी लगभग 26 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन इस साहित्य का ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी स्कूलों में व्यापक प्रसार अब भी सीमित है। बच्चों को बाल साहित्य तक पहुंचाने के लिए स्कूलों और सार्वजनिक पुस्तकालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ह्यू डायस प्लस 2022-23ह्ल रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सरकारी और निजी स्कूलों के पुस्तकालयों में प्रति छात्र औसतन 3.8 पुस्तकें उपलब्ध हैं। आज जब देश शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो यह और अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम बच्चों को केवल स्क्रीन पर आश्रित न करें, बल्कि उन्हें संतुलित रूप से डिजिटल और मुद्रित सामग्री के संपर्क में लाएं। वहीं स्कूली पाठ्यक्रमों में रोचक और प्रेरणादायक साहित्य को समाविष्ट करने, स्थानीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य प्रकाशित करने और पुस्तकालयों को नवाचार केंद्र बनाने की आवश्यकता है। कॉपीराइट का मुद्दा भी इस दिवस का एक अहम पक्ष है। डिजिटल माध्यमों पर तेजी से हो रही साहित्यिक चोरी और मूल रचनाओं के अनधिकृत उपयोग ने लेखकों और प्रकाशकों को गंभीर संकट में डाल दिया है। निःसंदेह, पुस्तकें किसी भी समाज की संवेदनशीलता, उसकी सोच, उसकी परंपराओं और उसकी आत्मा की संवाहक होती हैं। वे हमारे विचारों को दिशा देती हैं, नैतिकता की ओर प्रेरित करती हैं और आत्ममंथन की प्रक्रिया को जीवंत बनाए रखती हैं। आज आवश्यकता है कि हम व्यक्तिगत स्तर पर पढ़ने की आदत को पुनर्जीवित करें। बच्चों के साथ मिलकर पुस्तकें पढ़ना, स्कूली शिक्षा में पुस्तकालय पीरियड को अनिवार्य बनाना, सामुदायिक पुस्तकालयों को पुनर्जीवित करना, बुक क्लबों का गठन करना और पुस्तकों को उपहार स्वरूप देना– ये कुछ ठोस उपाय हैं जो पुस्तक-संस्कृति को पुनः जीवंत कर सकते हैं। पुस्तकें भविष्य निर्माण का औजार हैं। वे हमें हमारी जड़ों से जोड़ती हैं और हमें वह दृष्टि देती हैं, जो एक उत्तरदायी नागरिक के रूप में आवश्यक है।

# पाकिस्तान ने भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती

संजीव ठाकुर

पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका, रूस, इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80% जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता, सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है।

# 'पाकिस्तान चुप नहीं रहेगा', शरद पवार ने पहलगाम आतंकी हमले पर भारत सरकार की जवाबी कार्रवाई पर किया रिएक्ट

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को दिया गया संदेश उचित है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को दिया गया संदेश उचित है। हालांकि, ऐसे फैसलों में सभी राजनीतिक दलों को शामिल होना चाहिए। शरद चंद्र पवार, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कार्रवाई करते समय सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे भारत के हितों को नुकसान न पहुंचे। वह अंबोली स्थित गन्ना अनुसंधान केंद्र में एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सिंधुदुर्ग जिले के दौरे पर गए पवार ने आज अंबोली नंगरतास में गन्ना अनुसंधान केंद्र का दौरा किया। उन्होंने वहां शोधकताओं से मुलाकात की और बाद में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसमें शामिल होने के लिए एनसीपी ने लोकसभा नेता सुप्रिया सुले को भेजा था। पवार ने कहा, इसलिए हमने सरकार के फैसले का समर्थन किया है। हर कोई सरकार के साथ है, क्योंकि यह हमला भारत के खिलाफ था।

# 'दुकानदार से पूछें धर्म और हनुमान चालीसा पढ़ने को कहें, फिर खरीदें सामान', मंत्री नितेश राणे का बयान

**भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि हिंदुओं को दुकानदारों से कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। यह विवादास्पद टिप्पणी पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा। बचे हुए लोगों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने कुछ पर्यटकों से 'कलमा' पढ़ने को कहा और जो ऐसा करने में विफल रहे, उन्हें गोली मार दी गई।

रत्नागिरी जिले के दापोली शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए मंत्री राणे ने कहा, ₹उन्होंने हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा। इसलिए, हिंदुओं को भी कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। अगर वे आपका धर्म पूछ रहे हैं और आपको मार रहे हैं, तो आपको भी खरीदारी या कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। हिंदू संगठनों को ऐसी मांग उठानी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि संभावना है कि कुछ दुकानदार अपना धर्म नहीं बताएंगे या फिर अपने धर्म के बारे में झूठ बोलेंगे। उन्होंने भीड़ से कहा, ₹जब भी आप खरीदारी करने जाएं, तो उनका धर्म पूछें। अगर वे कहते हैं कि वे हिंदू हैं, तो उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहें। अगर वे हनुमान चालीसा का पाठ करना नहीं जानते हैं, तो उनसे कुछ भी न खरीदें।₹ औरंगजेब का जिक्र करते हुए श्री राणे ने कहा कि मुगल बादशाह ने अपने पिता और भाई को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा, ₹औरंगजेब को देखिए। उसने अपने पिता और भाई का भी सम्मान नहीं किया। अगर उसने अपने पिता और भाई का सम्मान नहीं किया, तो वे आप लोगों का कैसे सम्मान कर सकते हैं?उनके बयान पर महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि वह ऐसे ही नफरत भरे भाषण देते रहते हैं। मेरे हिसाब से उनके बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री देश बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन नितेश राणे देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं। कभी कहते हैं, किसी से कुछ मत खरीदो तो कभी कुछ और कहते हैं। आदिल ने पर्यटकों को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया

## जीएम ने रेल प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । रेलवे में चलाए जा रहे संरक्षा अभियानों से रेल संरक्षा को मजबूती मिल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने आज भोपाल मंडल स्थित रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने इंजीनियरिंग एवं परिचालन विभाग के संरक्षा से जुड़े ट्रैकमैन, गैंगमैन, प्वाइंट्समैन, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड जैसे प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद किया । महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और ड्यूटी के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने निमार्णाधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा हॉल तथा नियंत्रण कक्षों का भी सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कक्षाओं में जाकर चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बंदोपाध्याय ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया जाए कि यह कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाए । उन्होंने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल अभियंता मुख्यालय सहित अन्य अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन द्वारा बीड जिले के सनगाव की महिला वकील ज्ञानेश्वरी अंजन पर हुए हमले की निंदा और कड़ी कार्रवाई की मांग





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दिनांक 14 अप्रैल 2025 को, महाराष्ट्र के बीड जिले के अंबाजोगाई तालुका के सनगाव में सत्र न्यायालय में वकालत करने वाली महिला वकील ज्ञानेश्वरी अंजन पर गांव के सरपंच और उसके 9 सहयोगियों द्वारा खेत में घेरकर डंडों और जेसीबी पाइप से बुरी तरह अमानवीय मारपीट की गई। यह घटना ध्वनि प्रदूषण के मुद्दे पर हुई। अंजन को धार्मिक स्थलों पर तेज लाउडस्पीकर के शोर और घर के पास आटा चक्कियों के लगातार शोर के कारण माइग्रेन की परेशानी हो रही थी। उन्होंने पहले सरपंच से शिकायत करके शोर कम करने का अनुरोध किया था। सरपंच ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ नहीं किया। इसके बाद अंजन ने युसुफ-वडगाव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिससे कुछ समय के लिए शोर कम हो गया था। लेकिन, 14 अप्रैल को सरपंच अनंत अंजन और उसके सहयोगियों ने अंजन के घर आकर उन्हें धमकी दी। उन्होंने पूछा, ₹अब क्या तुम गांव में धार्मिक अनुष्ठानों की अनुमति दोगी ?₹ इसके बाद उन्होंने अंजन को खेत में ले जाकर डंडों और लोहे के पाइप से अमानवीय तरीके से बुरी तरह पीटा। इस मारपीट में वे गंभीर रूप से घायल हो गईं और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में वे घर वापस आ गई हैं, लेकिन 18 अप्रैल 2025 तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी फरार हैं और अंजन के परिवार को धमकियां दी हैं। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन, महाराष्ट्र राज्य इस घटना की कड़ी निंदा करता है। वकील न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग हैं, और उन पर हुआ यह हमला कानून और व्यवस्था को चुनौती देने वाला है। ज्ञानेश्वरी अंजन ने अपने मौलिक अधिकारों के लिए आवाज उठाया था, लेकिन उन्हें हिंसक तरीके से भीड़ द्वारा मारपीट की गई। यह अत्यंत निंदनीय है। पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से वकीलों की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन, महाराष्ट्र राज्य मांग करता है, कि आरोपी सरपंच और उसके सहयोगियों को तुरंत गिरफ्तार करके उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। वकीलों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून और संरक्षण तंत्र स्थापित किया जाए। वकीलों के इस अखिल भारतीय संगठन ने मांग की है, कि पुलिस द्वारा इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच करके आरोपियों को सजा मिले ये सुनिश्चित किया जाए। ध्वनि प्रदूषण के नियमों का कड़ाई से पालन कराकर उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई

## 3 दिन में 20 हजार रुपये जुर्माना वसूला और 60 किलो प्लास्टिक जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस से लेकर 1 मई को प्रदूषण मुक्त महाराष्ट्र दिवस तक सरकार के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के परिपत्र के अनुसार विभिन्न पहल शुरू किया है। नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में प्रकृति के पांच तत्वों भूमि, जल, वायु, आकाश और ऊर्जा की सुरक्षा और संरक्षण के लिए विभिन्न पहल क्रियान्वित की जा रही है। इसी तरह, पशु जीवन और प्रकृति के लिए हानिकारक प्लास्टिक के विरोध पर जोर देते हुए, उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नेतृत्व में सर्कल 2 के प्लास्टिक निवारक रिचार्ज दस्ते ने पिछले 3 दिनों में कार्रवाई की और 100 ग्राम प्रतिबंधात्मक प्लास्टिक जब्त किया। इनमें बड़ी संख्या में प्रतिबंधात्मक प्लास्टिक बैग शामिल हैं। 24 अप्रैल को एक पुलिस अधिकारी ने कोपर खैरणे के सेक्टर 19 में रामदास वैष्णव की दुकान में एकल-उपयोग प्लास्टिक पाए जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया और 400 ग्राम प्लास्टिक की थैलियों का स्टॉक जब्त किया। 25 अप्रैल को, ऐरोली टोल स्टेशन से एक दोपहिया वाहन (टल 01/एछ 23) को तब रोका गया जब उसमें 7 किलोग्राम प्लास्टिक बैग और एकल उपयोग प्लास्टिक ले जाते हुए पकड़ा गया। सुरेश गुप्ता से 5,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इसी तरह, ऐरोली सेक्टर 8 ए स्थित न्यू आदित्य पैकेजिंग में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाकर 300 ग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया। इसी तरह, 26 अप्रैल को बोनकोड़े के सेक्टर 12 में आम विक्रेता गुड्डू से 60 किलोग्राम प्लास्टिक बैग का स्टॉक जब्त किया गया। पृथ्वी के संरक्षण का संदेश फैलाने के साथ-साथ मनपा प्लास्टिक के खिलाफ अभियान भी तेज कर रही है, जो प्रकृति और मानव जीवन के लिए हानिकारक एक महत्वपूर्ण घटक है। हालांकि, नागरिकों को प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचना चाहिए और वैकल्पिक रूप से कपड़े और कागज के बैग का उपयोग करना चाहिए। मनपा आयुक्त डॉ कैलाश शिंदे की ओर से यह आवाहन किया गया है।



# तोड़ा जाना था अंग्रेजों के जमाने का एल्फिंस्टन ब्रिज, आधी रात मुंबई की सड़क पर उतरे लोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मुंबई में एल्फिंस्टन रोड पुल को शुक्रवार रात 9 बजे बंद होने वाला था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। परियोजना से प्रभावित लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे चाहते थे कि उनका पुनर्वास वहीं किया जाए। यह पुल सेवरी-वर्ली कनेक्टर परियोजना के लिए तोड़ा जाना है। देर रात दर्जनों लोग सड़क पर जमा हो गए और नारेबाजी की। रास्ता जाम कर दिया गया। देर रात तक विवाद चलता रहा और पुल को बंद नहीं किया जा सका। विरोध करने वाले लोग मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव से खुश नहीं थे। उन्हें रेडी रेकनर दरों के हिसाब से पैसे देना चाहता था। लेकिन लोग घर चाहते थे। अनुसार, हाजी नूरानी चॉल के 23 परिवार और लक्ष्मी निवास चॉल के 60 परिवार इस परियोजना में आ रहे हैं। इन लोगों के घर 100 वर्ग फुट से लेकर 1,200 वर्ग फुट तक के हैं। लगा ट्रैफिक जामएक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक को मोड़ने की योजना पहले ही बना ली गई थी। इसे कभी भी लागू किया जा सकता है। निवासियों का कहना है कि उनके पुनर्वास की योजना बनाए बिना ही पुल को बंद करने जा रहा है। विरोध के कारण इलाके में ट्रैफिक जाम भी लग गया। मुंबई का पांचवां ब्रिटिश काल का पुलएल्फिंस्टन रोड ओवरब्रिज को धीरे-धीरे तोड़ा जाएगा।

# बाइक हटाने को कहा तो युवक पर हमला

## घर में घुसकर आधा दर्जन लोगों ने की मारपीट, मां से भी की अभद्रता

बागपत, बन्दपुर गांव में रास्ते से बाइक हटाने को कहने पर एक युवक और उसकी मां के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित शिव कुमार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। घटना उस समय हुई जब शिव कुमार का भतीजा सागर कुमार खेत से पशुओं के लिए भूसा लेकर आ रहा था। रास्ते में एक व्यक्ति की बाइक खड़ी थी। सागर ने बाइक हटाने को कहा तो वह व्यक्ति उससे उलझ गया। बाइक मालिक ने अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। आरोपी लोग सागर के घर में घुस गए। करीब छह लोगों ने सागर को घेरकर मारपीट शुरू कर दी।

# बेशुमार दौलत, लंदन जाकर बेटा बना ड्रग स्मगलर, छोटे को भी किया शामिल, नवी मुंबई के बिल्डर पिता ने की आत्महत्या

- बिल्डर गुरुनाथ चिचकर ने आत्महत्या की, छोड़ा सुसाइड नोट
- घटना ने नवी मुंबई में सनसनी फैला दी, पुलिस जांच जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : नवी मुंबई से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां एक बिल्डर, गुरुनाथ चिचकर (50 वर्ष) ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपने ऑफिस में खुद को गोली मार ली। गुरुनाथ चिचकर किल्ले गांवठान के पास बेलापुर किले में एक इमारत की चौथी मंजिल पर रहते थे। उनका ऑफिस उसी इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर था। खबर है कि चिचकर ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। यह नोट उनकी मां के नाम था। इसमें उन्होंने लिखा है कि वह यह कदम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि वह मुंबई और बेलापुर पुलिस बार-बार पूछताछ के कारण मानसिक तनाव सहन नहीं कर पा रहे हैं। उनके दो बेटे कथित तौर पर ड्रग्स के कारोबार में शामिल हैं और फरार हैं। खून से लथपथ शव पत्नी ने देखाअजय लांडगे ने बताया कि गुरुनाथ चिचकर ने जिस पिस्तौल का इस्तेमाल किया, वह बिना लाइसेंस की थी। ऊउढ (जोन-1) पंकज दहाने ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 6.30 बजे चिचकर ने अपनी पत्नी से कहा कि वह इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर अपने ऑफिस जा रहे हैं।

# विधायक ने की जनसुनवाई

## शिक्षा, बिजली, पानी समेत कई समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

बुलंदशहर, सिकंदराबाद में विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने शनिवार को जनसुनवाई की। उन्होंने कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं विधायक के सामने रखीं। विधायक ने सभी शिकायतों को सुना। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। सैकड़ों लोग रहे मौजूद लक्ष्मी राज सिंह ने आश्वासन दिया कि लोगों की आवाज न सिर्फ सुनी जाएगी, बल्कि समस्याओं का जल्द समाधान भी कराया जाएगा।

# फिलिस्तीन का झंडा लगाने पर विवाद

मेरठ, ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के तारापुरी में एक मकान मालिक द्वारा फिलिस्तीन का झंडा लगाने से विवाद उत्पन्न हो गया। शनिवार को तारापुरी निवासी आजम ने अपने मकान पर फिलिस्तीन का झंडा लगाया। एक स्थानीय युवक रिंकू चौहान ने इस मकान का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने यह मामला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीजीपी, एडीजी, डीएम और भाजपा मुख्यालय के संज्ञान में लाया।


**पश्चिम रेलवे**

यूपीएस का प्रावधान

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी ई-टेंडर नोटिस संख्याः ईएल-81-906-डब्लूयूए-5 दिनांक 21-04-2025 को आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थानः मुंबई डिवीजनः** 1 घंटे के बैकअप समय के साथ 1 केवीए यूपीएस का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागतः 27,04,500/-। **बोली सुरक्षा ईएमडी की लागतः** 54,100/-। **जमा करने की तिथि** और समयः 19.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 19.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0079

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

एयर कंडीशनिंग कार्य

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी ई-टेंडर नोटिस संख्याः ईएल-4-335-डब्लूयूए-4 दिनांक 21.04.2025 को आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः उधना - जलगांव खंडः माल ढुलाई सघन उच्च उपयोगिता नेटवर्क पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के संबंध में एयर कंडीशनिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** 6,30,62,918/-। **बोली सुरक्षा ईएमडी की लागतः** 4,65,300/-। **जमा करने की तिथि और समयः** 19.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 19.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0076

facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सोलापुर मण्डल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रः– सोला/क.वि./नि/2025/09. कार्य का नामः–** सोलापुर डिवीजन में 02 वर्ष की अवधि के लिए ओएचई की पैदल गश्त का आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 1,39,42,740/– **बयाना राशिः–** रू 2,19,700/– **कार्य पुरा करने की अवधिः–** 24 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधताः–** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समयः–** दि. 22.05.2025 को 15.00 बजे। ANJ-48

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी दिनांक 24.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि. मं. इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई–निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम–** निविदा संख्या–ईएल/टीआरडी/50/06 (2025–26) – कोटा डिवीजन– रिप्लेसमेंट ऑफ ओवर एज्ड कांटेक्ट वायर ओवर एज्ड केंटिलीवर असेंबली एंड शिफ्टिंग ऑफ ओएचई ऑन न्यू फीडर मास्ट ऑन मेन लाइन इन DEE/TRD/KOTA सेक्शन, (100TKM) **कार्य की अनुमानित लागत–** 15,17,79,045.00, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय–** दिनांक 22/05/2025 को 15:30 बजे। वेबसाईट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकें। https://www.ireps.gov.in वरि. मं. वि.इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय प.म.रे. कोटा, ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेंगें। निविदादाता के पास क्लास ||| डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

कृते वरि. मं. वि. इंजी.(क.वि.)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

(एनआईटी में शुद्धिपत्र) दि. 25.04.2025

खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50 एनआईटी दिनांक 16.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मं. वि. इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई–निविदा आमंत्रित करता है। **यह लिपिकीय त्रुटि के कारण गलत लिखा गया था, इसे इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए। निविदा संख्या एवं कार्य का नाम–** निविदा संख्या– ईएल/टीआरडी/50/01 (2025 – 26) – प्रोविजन ऑफ स्काडा अपग्रेडेशन टू लेटेस्ट आरडीएसओ स्पेक – 134 विद फुल साइबर सिक्योरिटी अपग्रेड इन नागदा – मथुरा सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन, **संशोधित निविदा संख्या एवं कार्य का नाम** – निविदा संख्या ईएल/टीआरडी/50/02 (2025–26)–कोटा डिवीजन– रिप्लेसमेंट ऑफ ओवर एज्ड कांटेक्ट वायर ओवर एज्ड केंटिलीवर असेंबली एंड शिफ्टिंग ऑफ ओएचई ऑन न्यू फीडर मास्ट अन ADEE/TRD/SGZ सेक्शन (200 TKM), **कार्य की अनुमानित लागत** – 12,50,60,926.00, **निविदा बंद होने की दिनांक एंव समय–** दिनांक 09.05.2025 को 15:30 बजे।, वेबसाईट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकें। https://www.ireps.gov.in – वरि. मं. वि. इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे. कोटा, ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेगें। निविदादाता के पास क्लास ||| डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

कृते वरि. मं. वि. इंजी. (क.वि.)

पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्य रेल**

सोलापुर मण्डल

निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदये आमंत्रित करते है. **निविदा क्र.: 08-2025-SrDENS कार्य का नामः** A. i-Proposal for vegetation and jungle cleaning at various railway colonies, offices, service buildings in WDS-DUD section (incl. SUR) two times in a year for two years under ADEN/W/SUR. ii-Proposal for Rag picking including deweeding beyond 50m from longest PF edge to station limit of both ends of stations under ADEN(T)SUR & ADEN/KLBG sub-division for two years. **अनुमानित लागत रुः** Rs. 5,03,69,186.94 **बयाना रक्कमः** Rs. 4,01,900.00 **समापन की अवधीः** 24 Months **अनुरक्षण की अवधीः** NA **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समयः** 12.05.2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समयः** 12.05.2025 को 15.30 बजे. **निविदाकारों से निवेदन है की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे ANJ-50

**मध्य रेल**

ई-निविदा सूचना

**ई–निविदा सूचनाः NGP/L/2025/T/04 दिनांक – 23.04.2025** वरिष्ठ मं. विदूत इंजीनियर (सा) मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय डीआरएम बिल्डिंग नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। **ई–निविदा सूचना और कार्य का नामः** नागपुर मंडल के मंडल रेलवे अस्पताल, नागपुर में स्वचालित अग्नि संसूचन और स्प्रिंकलर प्रणाली के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत रूपये मेंः** 7,06,453.23/– **बयाना राशि रूपये मेंः** 14,100/– **टेंडर डॉकयुमेंट की कीमत रूपये मेंः** Nil **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 3 माह **यह ऑफर 60 दिनों तक खुला रहेगा। निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 22.05.2025 up to 11.00 Hrs. **निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** 22.05.2025 up to 11.15 Hrs. **वेबसाइटः www.ireps.gov.in** टेंडर से संबन्धित नोटिस वरिष्ठ मंडल विदूत इंजीनियर मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग नागपुर मे उपलब्ध है। इसके पश्चात किसी भी शुद्धिपत्र को केवल वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**वरि.मं. विद्युत इंजी.(सामान्य), नागपुर**

ANJ/06/25

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**पश्चिम रेलवे**

कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति और लदान

टीबीआर और टीबीएसआर कार्य सीनियर डीईएन (मध्य), मुंबई सेंट्रल ई-निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/25-26/25 दिनांक 22.04.2025 आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थानः** उधना-उकाई सोनगढ़ खंडः स्वीकृत कार्य के संबंध में उकाई सोनगढ़ मेगा डिपो (कुल मात्रा 135000 घन मीटर) में 50 मिमी आकार की मशीन से कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति और रेलवे हॉपर/वैगनों में लदान (i) उधना - जलगांव - टीबीआर (बिंदु और क्रॉसिंग 1 में 12) - 70 सेट (ii) उकाई सोनगढ़ - जलगांव (डीएन)- टीबीआर - 43.534 किमी (iii) उधना जंक्शन। - उकाई सोनगढ़ - टीबीआर-10.896 टीकेएम (iv) उधना - उकाई सोनगढ़-टीबीआर-12.218 टीकेएम और उधना - जलगांव - टीबीएसआर (एच-बीम) - 138 नग और ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह रेस्ट रूम। कार्य की **अनुमानित लागतः** 12,53,35,350/-। **ईएमडीः** 7,76,700/-। **जमा करने की तिथि और समयः** 27.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 27.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0074

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

पुल और पटरी कार्यों का सुदृढ़ीकरण

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण), मुंबई सेंट्रल, मुंबई क्रमांकः1 आमंत्रित करता है। ई-निविदा सूचना सं.: बीसीटी/25-26/23 दिनांक 21.04.2025। **कार्य और स्थानः** चर्चगेट - विरार खंडः एसएसई (पी. वे) अंधेरी खंड के तहत हार्बर लाइनों पर पुल संख्या 20 का सुदृढ़ीकरण। **कार्य की अनुमानित लागतः**1,37,06,536.48। ईएमडीः 2,18,500/-। क्रमांकः 2. ई-निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/25- 26/24 **दिनांक** 21.04.2025। **कार्य और स्थानः** चर्चगेट - विरार खंडः टीआरआर (पी) - 7.429 टीकेएम, और टीआरआर (पी) - 17.219 टीकेएम एसआर डीईएन (दक्षिण) खंड के तहत 24-25 में स्वीकृत ट्रैक कार्यों के संबंध में। **कार्य की अनुमानित लागतः**1,54,10,294.76। **ईएमडीः** 2,27,100/-। **उपरोक्त दोनों निविदाएं, प्रस्तुत करने की तिथि और समयः** 16.05.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समयः 16.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं 0073

facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/23/2025 दिनांक 22.04.2025

| क्र० | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | T.O.D. |
|---|---|---|---|
| 198 | मुख्य कंप्रेसर | 97 संख्या | 21-May-25 |
| 199 | एकल चरण से तीन चरण | 50 संख्या | 21-May-25 |

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना संख्या एस-16-2025 दिनांकः-21.03.2025 क्रम संख्या 151 के लिए नियत तिथि को '28.04.2025' पढ़ें।

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें। 0077

Like us on: f facebook.com/WesternRly Follow us on:XX.com/WesternRly

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/70/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 50255073-RC | पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध | 3000.00 किलोमीटर |
| 2 | 50255120-RC | भूमिगत रेलवे की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध | 2000.00 किलोमीटर |
| 3 | 81255001 | ईआरसी एमके–वी (आरटी–5919) | 6019502 नग |

उपरोक्त सभी निविदाओं की नियत तिथि क्रमांक 1 और 3 – 16.05.2025

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# पीएके सेना प्रमुख ने फिर दोहराई टू नेशन थ्योरी

## कहा- मुसलमानों की सोच हिंदुओं से अलग, हम जानते हैं पाकिस्तान की रक्षा कैसे करनी है

एजेंसी

इस्लामाबाद , पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर से टू-नेशन थ्योरी दोहराते हुए कहा कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुनीर खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी (पीएमए) में कैडेट्स की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं। हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान बनाने के लिए बहुत बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। कुछ दिन पहले भी कहा था हम हिंदुओं से अलग हैं पाकिस्तान सेना प्रमुख ने इससे पहले 16 अप्रैल को भी इस्लामाबाद के एक कार्यक्रम में बोलते हुए टू नेशन थ्योरी की बात कही थी।



तब उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। कश्मीर को 'गले की नस' बताया था मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की ह्यगले की नसह्न बताया था। उन्होंने कहा, ₹हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे।₹ उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, ₹पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है।₹ मुनीर के बयान पर भारत ने पलटवार करते हुए कहा था कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है। इस पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके हर हाल में खाली करना पड़ेगा। कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताने वाले बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि कोई विदेशी चीज गले में कैसे अटक सकती है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर कहा कि यह पाकिस्तान के लिए चेतावनी है कि उसे इस हमले के अन्य आरोपियों को भी न्याय के कटघरे में लाना होना, जिन्हें अभी वह बचा रहा है।

# ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर धमाका, 4 की मौत

## 500 से ज्यादा घायल; ज्वलनशील पदार्थों को रखने में लापरवाही से हादसा

एजेंसी

तेहरान, ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है,



जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ईरानी मीडिया का कहना है कि विस्फोट की वजह से किसी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से जरूरी इक्विपमेंट नहीं मिल पाते हैं, इस वजह से यहां पर अक्सर इंडस्ट्रीयल दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

नेशनल ईरानी पेट्रोलियम रिफाइनिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने विस्फोट के बाद एक बयान जारी कर कहा कि विस्फोट से इलाके में ऑयल फेसिलिटी प्रभावित नहीं हुई हैं। यह बंदरगाह ईरानी की राजधानी तेहरान से 1000 किमी दूर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में पोर्ट के अंदर से धुंए का गुबार निकलता दिखाई दे रहा है। लोग घबरा कर इधर उधर भागते नजर आ रहे हैं और कई गाड़ियां बुरी तरह डैमेज हो गई। ईरान ने मई 2020 में इजराइल पर इस बंदरगाह पर एक बड़ा साइबर हमला करने का आरोप लगाया था, जिससे कंप्यूटर सिस्टम क्रैश हो गया था। इस वजह से इलाके में कई दिनों तक अफरातफरी का महौल रहा था। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है, जब ईरानी अधिकारी नए परमाणु समझौते को लेकर अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं।

# पीएम शरीफ बोले- पहलगाम की निष्पक्ष जांच के लिए तैयार

## किसी भी हमले से निपट लेंगे, फौज पाकिस्तान की हिफाजत में सक्षम

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।



शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है। पीएम शरीफ ने कहा कि यदि सिंधु नदी के पानी को कम करने या मोड़ने की कोशिश की गई तो पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। शरीफ ने कहा कि पानी पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे 24 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है। हम हर कीमत पर इसे सुरक्षित रखेंगे। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन उसकी इस इच्छा को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐलान किया है। शरीफ ने कहा कि जिन्ना ने सही कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। दुर्भाग्य से यूनाइटेड स्टेट के कई प्रस्तावों के बावजूद यह मामला आज तक नहीं सुलझा है। पाकिस्तान कश्मीर के लोगों के फैसला लेने के अधिकार का हमेशा समर्थन करता रहेगा। पीएम शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा से आतंकवाद की निंदा की है। हमारा देश खुद आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में 90 हजार से ज्यादा लोग इसमें मारे गए हैं और 600 बिलियन डॉलर का नुकसान हो चुका है। यह सब सोच से परे है। पीएम शरीफ ने कहा कि शांति हमारी प्राथमिकता है, लेकिन कोई इसे हमारी कमजोरी न समझे। हम अपनी अखंडता और सुरक्षा पर कभी समझौता नहीं करेंगे। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ शुक्रवार को भड़काऊ भाषण दिया था। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा या फिर उनका खून। उन्होंने सिंधु पर दावा करते हुए कहा कि ये हमारी नदी है और हमेशा हमारी ही रहेगी।

# पोप फ्रांसिस रोम की चर्च में दफनाए गए

## मकबरे पर लिखा गया- फ्रांसिसस; अंतिम संस्कार में शामिल हुए ढाई लाख लोग

एजेंसी

वेटिकन, ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। शव को दफनाने से पहले यहां एक छोटी प्रार्थना रखी गई। पोप को दफनाने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट नहीं हुआ। ये जगह सेंट पीटर्स स्क्वायर से करीब 4 किमी दूर है।



पोप फ्रांसिस ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि उन्हें जमीन में एक साधारण कब्र में दफनाया जाए, जिस पर केवल फ्रांसिस्कस (उनके नाम फ्रांसिस का लैटिन रूप) लिखा हो। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पोप के अंतिम संस्कार की रस्में 1:30 बजे से शुरू होकर करीब तीन घंटे चलीं।

उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका से निकालकर सेंट पीटर्स स्क्वायर में रखा गया, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। बीते तीन दिन से उनके पार्थिव शरीर को ताबूत में अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया था।

# सीमा हैदर ने लगाई ये गुहार, जताई भारत में ही रहने की इच्छा

## पाकिस्तानियों के भारत छोड़ने के आदेश के बीच आया बयान



**इसी कड़ी में पाकिस्तानी नागरिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ने का निर्देश मिला है। वहीं पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अवैध तरीके से भारत आई पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर फिर सुर्खियों में आ गई है।**

एजेंसी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला पर्यटकों पर किया गया था। इस आतंकी हमले के बाद से ही भारत सरकार ने कई कड़े कदम उठाए है। पाकिस्तान से नापाक इरादों की कमर तोड़ने के लिए भारत ने पाकिस्तान के साथ कई समझौतों और रिश्तों को तोड़ने का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में पाकिस्तानी नागरिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ने का निर्देश मिला है। वहीं पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अवैध तरीके से भारत आई पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर फिर सुर्खियों में आ गई है। सीमा हैदर जिन्होंने उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी सचिन मीना के साथ शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है। सीमा हैदर ने भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के बाद कहा कि मैं पहले पाकिस्तान की बेटी थी मगर अब मैं भारत की बहू हूं। पाकिस्तान वापस भेजे जाने का डर सीमा को भी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से भेजा रहा है, जिस कारण उनके मन में भी डर समाया हुआ है। सीमा ने कहा कि अन्य पाकिस्तानी नागरिकों की तरह उन्हें भी भारत छोड़ने को ना कह दिया जाए। भारत सरकार सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर चुकी है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए गए है।

### मोदी और योगी से सीमा की अपील

पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाने को लेकर सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहती हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे भारत में रहने दिया जाएगौरतलब है कि सीमा हैदर वर्ष 2023 में चर्चा में आई थी जब वो पाकिस्तान को छोड़कर नेपाल के रास्ते अपने भारतीय प्रेमी सचिन मीना से मिलने नोएडा आई थी। उन्होंने यहां आने के बाद सचिन से शादी की थी।

# 'अब तो बच्चों को भी लगता है कि...'

## पलहगाम आतंकी हमले को लेकर बोले अखिलेश यादव

**अखिलेश यादव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार ठोस कदम उठाएगी। हमें उम्मीद है कि जब सरकार को इतना समर्थन मिला है, तो भविष्य में कोई सुरक्षा विफलता नहीं होगी। अब तो बच्चों को भी लगता है कि यह खुफिया विफलता थी।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पलहगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो पर्यटक शहीद हुए हैं उनके परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है। उनके दुख और दर्द को कोई कम नहीं कर सकता। हम सभी ऐसी घटनाओं की निंदा करते हैं और जब सर्वदलीय बैठक हुई थी, तो सभी दल एक साथ आए और आतंकवादियों द्वारा की गई इस आतंकी घटना के खिलाफ सरकार के साथ



खड़े हुए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि समाजवादी पार्टी का भी मानना है कि सरकार जो भी ठोस कदम उठाना चाहती है, उसे पाकिस्तान को जवाब देने के लिए उठाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार ठोस कदम उठाएगी। हमें उम्मीद है कि जब सरकार को इतना समर्थन मिला है, तो भविष्य में कोई सुरक्षा विफलता नहीं होगी। अब तो बच्चों को भी लगता है कि यह खुफिया विफलता थी। हम यह भी कहना चाहते हैं कि ऐसी घटनाओं से कोई राजनीतिक लाभ नहीं उठाया जाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि सरकार देश की सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा और देश की अर्थव्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाएगी। इससे पहले सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसी घटना की हम लोग निंदा करते हैं, सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे आतंकवादियों के खिलाफ क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। इससे पहले उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्र की सरकार को जम्मू-कश्मीर में प्राथमिकता के सर्वोच्च स्तर पर, सबसे पहले सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की जरूरत है, तभी स्थानीय निवासियों और पर्यटकों का जीवन सुरक्षित रह सकता है। सुरक्षा से ही भरोसा जागता है और एकता-अखंडता का भाव भी।

# जून से अगस्त तक होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**वर्ष 2015 से ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियां दर्ज करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है।**




एजेंसी

विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, 5 बैच में से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे। 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, क्रमशः उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए तथा सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। वेबसाइट आवेदन स्वीकार करने के लिए खोल दी गई है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार, यादृच्छिक तथा लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2015 से ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियां दर्ज करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है। इस वर्ष आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के संबंध में नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में आयोजित बैठक में कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के सुरक्षित संचालन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया

# पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी लोगों को मूर्ख बना रहे हैं :मुख्यमंत्री सिद्धरमैया

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्र पर साधा निशाना

**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि वह पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।**

एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि वह पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कश्मीर घाटी में सुरक्षा को मजबूत करने का आान किया और इस बात पर जोर दिया कि शांति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, इस घटना में सुरक्षा में चूक हुई है। हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा



उपायों को कड़ा करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। केंद्र सरकार को कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बढ़ानी चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार कर्नाटक में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के लिए कदम उठाए जाएंगे। राज्य के विभिन्न शहरों में पाकिस्तानियों की संख्या के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।

इसके अलावा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने हमले के बाद केंद्र द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग नहीं लिया, लेकिन बिहार में एक चुनावी रैली में हिस्सा लिया। सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक के दौरान वहां होना चाहिए था। वह बिहार में चुनाव प्रचार के लिए गए थे। तो उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वह लोगों को टोपी पहना रहे हैं (अर्थात लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं)।

## संक्षेप

### कुड़वार में शिक्षकों का 1 मई को धरना

**परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर देंगे धरना**

सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना होगा। यह धरना 1 मई को तिकोनिया पार्क में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई कुड़वार की बैठक में इस धरने की रूपरेखा तैयार की गई। ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नत वेतनमान और चयन वेतनमान की त्रुटियां शामिल हैं। साथ ही स्थानांतरण, दिव्यांग भत्ता और विद्यालय समय पुनर्निर्धारण जैसे मुद्दे भी हैं। आधार कार्ड संशोधन की बाध्यता और लंबित पदोन्नतियों पर भी ध्यान दिलाया जाएगा। विशेष रूप से 1 अप्रैल 2005 से पहले नियुक्त विशिष्ट बीटीसी 2004-05 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। चयन वेतनमान की ऑनलाइन प्रक्रिया में लगातार खामियां आ रही हैं। ट्रांसफर नीति के पालन में भी ढिल है। धरने के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उपाध्यक्ष सिकंदर वर्मा ने सभी पदाधिकारियों को धरने की जानकारी शिक्षकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर बैठकें कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का भी निर्णय लिया गया है।

### पहलगाम आतंकी हमले का विरोध

**बांदा में बजरंग दल ने पाकिस्तान का पुतला फूंका, शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

बांदा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। बाबूलाल चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने पाकिस्तान का ध्वज जलाया और पुतले को चप्पलों से पीटा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी की। आतंकी हमले में शहीद हुए देश के नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा गया।

### ट्यूबवेल कुएं में गिरा किसान, मौत

**पत्नी और दो बच्चे कई सालों से मायके में रहते हैं, खेत पर काम करने गए थे**

बांदा, बबेरू तहसील के मर्का थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। अधांव गांव के 32 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद की ट्यूबवेल कुएं में गिरने से मौत हो गई। राजेंद्र प्रसाद अपने खेत पर काम करने गए थे। वह भभुवा गांव निवासी उधम पटेल के ट्यूबवेल के पास पहुंचे। वहां उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गए। आसपास के लोगों ने यह देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से राजेंद्र को कुएं से बाहर निकाला।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बोला- कानपुर के जज फैसला देने लायक नहीं

## 3 महीने की ट्रेनिंग पर भेजो; बिना कारण बताए खारिज की थी याचिका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- कानपुर अपर जिला जज डॉ. अमित वर्मा फैसला लिखने की काबिलियत नहीं रखते। वह आदेश देते समय कारण और निष्कर्ष का उल्लेख भी नहीं करते। इसलिए उन्हें 3 महीने की ट्रेनिंग पर भेजने का निर्देश दिया है। जज ने कहा कि एडीजे के एक आदेश को पहले ही रद्द किया जा चुका है। उसके बाद भी उन्होंने ऐसी गलती दोहराई है। जिससे लगता है कि उनको प्रशिक्षण की जरूरत है। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने मुन्नी देवी बनाम शशिकला पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कानपुर की रहने वाली महिला मकान



मालिक शशिकला पांडेय ने 2013 में किराया वसूली और बेदखली को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की। जिसमें कोर्ट ने 29 फरवरी 2024 को मुन्नी देवी के खिलाफ आदेश दिया। इस फैसले के खिलाफ मुन्नी देवी ने रिवीजन पिटीशन दाखिल की, जिसे एडीजे ने 7 नवंबर 24 को खारिज कर दिया। इस आदेश को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी गई। जिसमें कहा गया कि आदेश का कारण और निष्कर्ष नहीं दिया गया है। जज ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल नहीं किया है। 17 दिसंबर 24 को हाईकोर्ट ने एडीजे का आदेश रद्द कर नए सिरे से आदेश की फाइल लोअर कोर्ट को भेज दी। इस बीच याचिकाकर्ता ने रिवीजन पिटीशन में नये आधार जोड़ने के लिए अमेंडमेंट पिटीशन डाली। जिसे बिना कारण बताए 1 मार्च 25 को एडीजे ने निरस्त कर दिया। जिसे फिर हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। महिला का कहना था कि एडीजे डॉ अमित वर्मा ने पहले आदेश में जो गलती की थी, वहीं गलती इस आदेश में भी की है। इसलिए आदेश रद्द किया जाए। जिस पर कोर्ट ने कहा, जज वर्मा फैसला लिखने की काबिलियत नहीं रखते, इसलिए उन्हें ट्रेनिंग दिया जाए।

# टॉप- 10 की सूची में आने वाली प्रतिज्ञा पुरस्कृत

## प्रयागराज में मेधावियों को माला पहनाकर किया गया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा सत्र 2024 -25 के घोषित परिणाम में छात्राएं आगे रहीं। आज शनिवार को विद्यावती यादव स्मारक महर्षि कृष्ण इंटर कालेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की छात्रा प्रतिज्ञा यादव ने जनपद की टॉप 10 की सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। प्रतिज्ञा को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ-साथ विद्यालय के अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। इन छात्र-छात्राओं मे इंटर की परीक्षा में प्रतिज्ञा 92.6 %, प्रतीक्षा 91.8 %, राजशेखर 91.12%, प्राची 89%, आलोक कुमार 88.3% अनामिका 86.8 %, सुनैना 86.8 %, सचिन कुमार 86.3 %, आंचल 86.4 %,



आस्था 86.4 %, आस्था 86.4%, रिया सिंह 86.4 %, रुचि यादव 85.4 %, रुचि कुशवाहा 86 %, रोशनी यादव 83%, साक्षी बिंद 80% व हाईस्कूल में सत्यम यादव 91.5%, प्रज्ञा 91% ,शिल्पी 91%, प्रज्ञा यादव 90.5 %, अंशिका 89.33 %, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डॉ. हरि प्रकाश यादव ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप ही लोग देश के भविष्य हैं आशा करते हैं कि आप लोग भविष्य में अपना, अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय का भी नाम रोशन अवश्य करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह व सचिन यादव ने भी बच्चों को सफल होने की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, परीक्षा अध्यक्ष भरत सिंह, विनोद सिंह, छेदीराम, विश्वेष राज रत्नम, शिव शंकर यादव, गौरव यादव, नरेंद्र यादव, हरिश्चंद्र, ओमप्रकाश, तेज बहादुर, सीमा यादव, चित्रा यादव, पूनम यादव, सुनीता सिंह, भालचंद्र, उमाशंकर, राम मनोहर, रत्नेश कुमार, भगवान यादव, विजय भान मौर्य, राजेश यादव, राजेश श्रीवास्तव, तुलेराम, मिथिलेश कुमार, तेजबहादुर, शिवलाल, अर्जुन यादव, विमलेश प्रजापति समेत अन्य रहे।

# पहलगाम हमले का विरोध

**❍ अमेठी में एबीवीपी ने फूंका पाकिस्तान का पुतला, 26 लोगों की मौत पर जताया आक्रोश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने अमेठी के गौरीगंज तिराहे पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रोली सिंह ने कहा कि कश्मीर में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की हत्या मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हैं। उन्होंने इसे देश की सामाजिक एकता और सुरक्षा व्यवस्था पर हमला बताया।



एबीवीपी ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अमेठी जिला संयोजक शैलेंद्र यादव ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का संकेत है। उन्होंने आतंकवाद और उनके स्थानीय सहयोगियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिवानी अग्रहरि, शशांक यादव, नगर मंत्री हर्षित जायसवाल, मलिकार्जुन सिंह, नीरज शर्मा, विशाल मौर्या, प्रवेश कश्यप, वीर प्रताप यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर में विवाद

## भगवान परशुराम की मूर्ति हटाने पर ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के ईसूर गांव में स्थित हनुमान मंदिर से भगवान परशुराम की मूर्ति हटाने का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी जितेंद्र कुमार दुबे ने एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद को शिकायती पत्र दिया है।

मंदिर भगवान परशुराम विप्र उत्थान सेवा समिति के नाम पंजीकृत है। जितेंद्र दुबे के अनुसार यहां लंबे समय से भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित थी। स्थानीय लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई थी। प्रतिदिन पूजा-पाठ होता था। उन्होंने गांव के चंद्रभान, गोविंद प्रसाद और कुछ अन्य लोगों पर मूर्ति हटाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से मूर्ति की पुनर्स्थापना और आरोपियों के




खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने पुलिस को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जयसिंहपुर पुलिस के मुताबिक मूर्ति स्थापना वाली जमीन विवादित है। मूर्ति को इसी विवाद के कारण हटाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह चोरी का मामला नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# थाना समाधान दिवस में भाजपा नेता ने उठाया सवाल

**❍ जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत, राजस्व कर्मियों पर लगाए आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बाजार शुकुल में आयोजित थाना समाधान दिवस में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. ओंकारनाथ सिंह ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। पूरे बक्सी गांव के डॉ. सिंह ने बताया कि उनकी 'नंबरी बाग' स्थित भूमि पर अनुसूचित जाति के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए बताया कि वह तीन बार मंडल अध्यक्ष रहे हैं। उनका पुत्र भी शंकर बक्स सिंह मंडल में तीन बार अध्यक्ष पद पर रह चुका है। उन्होंने कहा कि जनसंघ और भाजपा से लंबे जुड़ाव के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। थाना दिवस पर कई बार



शिकायत करने के बाद भी राजस्व कर्मी मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि इस स्थिति से गांव में विवाद उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब पार्टी कार्यकर्ता की सुनवाई नहीं हो रही है तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

# पुलिसिंग में बड़ा फेरबदल

## एसपी ने 22 इंस्पेक्टर और एसआई के ट्रांसफर, बेदार यादव को अपराध शाखा भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जिले में व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। बेहतर पुलिसिंग के लिए लंबे समय से एक ही थाने में तैनात निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक चंद्रभान वर्मा को करौंदी कला प्रभार सौंपा गया है, यहां तैनात शारदेंदु दुबे का गैर जनपद स्थानांतरण हुआ है। निरीक्षक सूबेदार यादव को पुलिस लाइन से थाना कादीपुर में अपराध निरीक्षक बनाया गया है। अनिल कुमार वर्मा को गोसाईगंज से कोतवाली देहात, अखिलेश कुमार सिंह को मॉनिटरिंग सेल से गोसाईगंज भेजा गया है। यदुवीर सिंह को कुड़वार से कोतवाली नगर और राम उग्रह कुशवाहा को जयसिंहपुर से कुड़वार में तैनाती दी गई



है। संजय कुमार वर्मा को जयसिंहपुर भेजा गया धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा को चौकी बरौसा से लंभुआ, तनवीर खां को कोतवाली देहात से चांदा और संजय कुमार वर्मा को दोस्तपुर से जयसिंहपुर भेजा गया है। सुरेश कुमार वर्मा को साइबर थाना का प्रभारी बनाया गया है। राम विशाल सुमन को मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उप निरीक्षक भी बदले गए महिला निरीक्षक निशा शुक्ला को परिवार परामर्श केंद्र और महिला सेल का प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक स्तर पर भी कई बदलाव किए गए हैं। जितेंद्र यादव को चौकी बरौसा, संजय प्रसाद को चौकी भटमई का प्रभारी बनाया गया है। रामराज को कोतवाली नगर में वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। तारा देवी को लंभुआ में महिला चौकी की प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# महिला से दिनदहाड़े मोबाइल और पर्स लूट

## ग्रामीणों ने 2 किमी तक पीछा कर पकड़े बदमाश, कार से टकराकर गिरे थे दोनों

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी में घर जा रही महिला से बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल और पैसे छीनकर फरार हो गए। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए और महिला द्वारा बताइए रास्ते पर चोरों का पीछा करने लगे। करीब 2 किलोमीटर जाने के बाद बाइक सवार चोर एक कार से टकराकर सड़क किनारे गिर गए। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों चोरों को लेकर थाने पहुंची है और विधि कार्रवाई करने में जुट गई है।



दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के गोरियाबाद चौकी अंतर्गत निजाम का पुरवा गांव के पास का है। जहां पास के ही गांव के रहने वाले ओमप्रकाश की पत्नी देर शाम बाजार से अपने घर जा रही थी। तभी स्प्लेंडर सवार दो चोर मौके पर पहुंचे और महिला का मोबाइल और पैसा छीनकर जगदीशपुर की तरफ फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। महिला द्वारा बताया गया कि चोर जगदीशपुर की तरफ भागे है। जिसके बाद ग्रामीण अलग-अलग बाइको से चोरों का पीछा करने लगे। करीब 2 किलोमीटर जाने के बाद चोर हड़बड़ाहट में सामने से आ रही है कार से टकराकर सड़क पर गिर गए। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और मौके पर ही जमकर पिटाई कर दी।

ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों चोरों को हिरासत में लेकर थाने ले गई है और विधि कार्रवाई कर रही है। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी संदीप कुमार ने कहा कि ओमप्रकाश की पत्नी जा रही जिससे बदमाश मोबाइल और पैसा छीनकर फरार हो गए। हम लोग उनका पीछा करने लगे तो आगे जाकर चोर कार से टकराकर गिर गए जिसके बाद पकड़ लिया लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई।

# मथुरा में मुसलमान दुकानों पर लिखे नाम, हरा रंग करें

## बांके बिहारी बाजार में धमार्चार्यों का सर्वे, बोले – विधर्मियों ने इस्लामिक जिहाद फैला रखा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हर दिन अलग-अलग तरह से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। शनिवार को मथुरा के वृंदावन में साधु-संत और धमार्चार्यों ने प्रदर्शन किया। बांके बिहारी जी मंदिर में किए गए प्रदर्शन में धमार्चार्यों ने मुस्लिम दुकानदारों को चेतावनी दी कि वह जल्द से जल्द अपनी दुकान पर अपना नाम लिखें। ऐसा न करने पर वह दुकान को हरे रंग से पेंट कर देंगे। शनिवार को काशी विद्वत परिषद पश्चिमी भारत के



प्रभारी नागेन्द्र महाराज के नेतृत्व में धमार्चार्य और साधु-संत वृंदावन के विद्यापीठ चौराहा पर इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च शुरू किया। विद्यापीठ चौराहा से धमार्चार्य और साधु-संतों ने बांके बिहारी मंदिर तक पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान धमार्चार्य और साधु-संतों ने दुकानों पर रुक-रुककर दुकानदारों के नाम पूछे। उन्होंने दुकानदारों से कहा- वह मुसलमानों से व्यापार न करें।

अपने सनातनी भाइयों को बढ़ावा दें। जिस पर दुकानदारों ने भी सहमति जताई। हाथों में बैनर लिए नारेबाजी करते हुए साधु-संत आगे बढ़ते रहे। प्रदर्शन करते हुए साधु-संत और धमार्चार्य आगे बढ़ते हुए गोवर्धन गेट मनीपाडा पर पहुंचे।

# पूरे नंद लाल गांव में नाली निर्माण की मांग

## पानी जमाव से बीमारियों का खतरा, ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया लापरवाही का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जगदीशपुर ब्लॉक के पूरे नंद लाल मजरा बगाही गांव में नाली निर्माण की समस्या से लोग परेशान हैं। नल के पानी की निकासी के लिए नाली नहीं होने से घरों के सामने गंदा पानी जमा हो रहा है। दिलीप, राम सरन, गंगा प्रसाद और भवानी प्रसाद समेत गांव के कई लोगों ने इस समस्या को सामने रखा है। पानी जमा होने से क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से नाली बनवाने का आग्रह किया है। प्रधान की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस वजह से स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# जेल से परीक्षा देने वाले 5 बंदी हुए पास

## हत्या, एसिड अटैक और दुष्कर्म के आरोप में काट रहे सजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) का परिणाम शुक्रवार को जारी हुआ। इसमें अलीगढ़ जेल से परीक्षा देने वाले बंदियों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। अलीगढ़ जेल में सजा काट रहे 5 बंदियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। यह सभी बंदी पास हो गए हैं। अलीगढ़ जेल में बंद 2 बंदियों ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। वहीं 3 बंदियों ने इंटरमीडिएट




की परीक्षा दी थी। जब परिणाम आया तो सभी पास हो गए हैं। यह बंदी लूट, हत्या, एसिड अटैक और दुष्कर्म जैसे मामलों में नामजद हैं और कोर्ट में इनका मामला विचाराधीन है। इन दिनों यह पांचों जेल में बंद हैं। अलीगढ़ जेल से योगेश पांडेय पुत्र वीरेंद्र पांडेय और धर्मेंद्र कुमार पुत्र मोहर सिंह ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। वहीं नेत्रपाल सिंह उर्फ कलुआ पुत्र बिन्नामी, विशल पुत्र प्रेमवीर और राजेश पुत्र महेश चंद्र ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। इसमें इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले विशाल और राजेश हाथरस जिले के रहने वाले हैं। वहीं इंटरमीडिएट का नेत्रपाल और हाईस्कूल का योगेश पांडेय अलीगढ़ जिले का ही रहने वाला है।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी